प्रेस नोट **_24/11/2024_**

महिला एच्छिक ब्यूरो के प्रयास से 04 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 37 मामलों में से 10 मामलों का हुआ निस्तारण-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 24.11.2024 को महिला एच्छिक ब्यूरो की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के समक्ष कुल 37 मामले आये जिसमें एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के प्रयास से 10 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 04 दंपति पानमती/शशिकान्त, संजना/अरुण, सुनीता/विश्वजीत, नीलम/शिवशरण आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 01 मामले में एफआईआर का निर्णय तथा 01 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी। अन्य मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरो की बैठक की अगली तारीख 08.12.2024 दी गयी है। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, सर्वेश दूबे, शाहिद पैरिस, उ0नि0 समरजीत यादव, म0आ0 राजलक्ष्मी उपस्थित रही।

गोवध से सम्बन्धित 50 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्रि के पर्वेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना श्री अजय विक्रम सिंह के कुशल नेतृत्व में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना रानीपुर पुलिस को गिरफ्तारी में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है जिसमें 50 हजार का पुरष्कार घोषित अपराधी को दिनांक 23/11/2024 को मुखबिर खास की सूचना पर सम्बन्धित अभियुक्त को भैसही पुलिया चकिया के पास अभियुक्त पिन्टू उर्फ मेराज अंसारी उर्फ सोनू पुत्र जान मोहम्मद निवासी मटियरा बघरवारा थाना सरपतहा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। कड़ाई से पूछताछ पर पता बताया कि दिनांक 31.07.24 को जो दुर्घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुई थी जिसमें पिकअप में आवारा गोवशीय छुट्टा पशु लदे हुए थे उन्हे मै व मेरे सभी साथियों के द्वारा ही पकड़कर पिकअप में लादकर बिहार के लिए भेजा गया था कि तभी गाड़ी का एक्सीडेन्ट हो गया था आज मै फिर से आवारा छुट्टा पशुओं की तलाश में यहां आया था उपरोक्त अभियुक्त मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

1. पिन्टू उर्फ मेराज अंसारी उर्फ सोनू पुत्र जान मोहम्मद साकिन मटियरा बघरवारा थाना सरपतहा जनपद जौनपुर उम्र करीब 31 वर्ष।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीमः-

एसटीएफ टीम - निरीक्षक श्री दीपक सिंह, उ0नि0 रिजवान उ0नि0 सत्यप्रकाश सिंह हे0का0 शमशेर सिंह हे0का0 भूपेन्द्र सिंह एसटीएफ टीम लखनऊ।

थाना टीम - उ0नि0 अख्तर अली, का0 अनिल सोनकर।

मुकदमे का विवरण-

1. मु0अ0सं0 142/24 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 थाना रानीपुर जनपद मऊ (इनामिया)।

<u>आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्त</u>

पिन्टू उर्फ मेराज अंसारी उर्फ सोनू पुत्र जान मोहम्मद साकिन मटियरा बघरवारा थाना सरपतहा जनपद जौनपुर

1. मु0अ0सं0 142/24 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 थाना रानीपुर जनपद मऊ
2. मु.अ.सं. 53/2021 धारा 279, 337, 338, 427 भादवि थाना सरपतहा जनपद जौनपुर
3. मु.अ.सं. 52/2022 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 थाना सरपतहा जनपद जौनपुर।

पॉक्सो एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 24.11.2024 को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मनाजीत बाइपास के पास से मु0अ0सं0 179/24 धारा 65(2), 351(2) बीएनएस व धारा 5एम/6 पॉक्सों एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र कोमल यादव निवासी खोदासपुर सलेमपुर जहानागंज आजमगढ़ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक चिरैयाकोट योगेश यादव, हे0का0 दीलिप पटेल, का0 प्रदीप कुमार थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।